बाबा दौड़ा आएगा | By Rajiv Raja

अपने प्रेमी के आंसू देख ना पायेगा
दिल से पुकार बाबा दौड़ा आएगा
अजा श्याम .....आजा श्याम

श्याम श्याम बोल तुझे श्याम हीं संभालेगा
गिरने ना देगा तुझे गोद में उठा लेगा
मेरा भी बना है तेरा भी बन जायेगा
दिल से पुकार बाबा दौड़ा आएगा

कलयुग का देव मेरा बड़ा ही महान है
हारे का सहारा कहलाता बाबा श्याम है
हारे हुए को बाबा जीत दिलाएगा
दिल से पुकार बाबा दौड़ा आएगा

जब जब संकट तेरे सर पे मंडराएगा
संकट से पहले मेरा खाटू वाला आएगा
किरपा तेरी को ये राजीव सुनाएगा
दिल से पुकार बाबा दौड़ा आएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8c%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-rajiv-raja/